**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 608**

**उत्तर देने की तारीख: 06.02.2024**

**समाज कल्याण हेतु एनजीओ को सहायता अनुदान**

**608. श्री टी.आर. पारिवेन्धर:**

**क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने देश में समाज कल्याण हेतु कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के लिए कोई योजना कार्यान्वित की है और इन्हें सहायता अनुदान स्वीकृत किया है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु सहित देश में ऐसे गैर-सरकारी संगठनों को कुल कितनी निधियां स्वीकृत की गई हैं;

(ग) क्या मंत्रालय के पास उक्त अवधि के दौरान इन गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से लाभान्वित हुए व्यक्तियों की संख्या के बारे में कोई आंकड़े हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री ए. नारायणस्वामी)**

(क) से (घ): सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का अधिदेश समाज के सामाजिक, शैक्षिक तथा आर्थिक रूप से लाभवंचित वर्गों के सर्वाधिक गरीब परिवारों के कल्याण का ध्यान रखने के लिए है जिनमें अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग, वरिष्ठ नागरिक, मद्यपान एवं नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के पीड़ित, सफाई कर्मी, ट्रांसजेण्डर व्यक्ति, भिखारी, विमुक्त तथा घुमन्तू जनजातियां (डीएनटी), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) शामिल हैं।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग तीन स्कीम कार्यान्वित कर रहा है यथा ड्रग्स की मांग में कमी की राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीडीडीआर), लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा (श्रेष्ठ) तथा अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) का एक घटक एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम (आईपीएसआरसी), जिनके अंतर्गत समाज कल्याण हेतु एनजीओ को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। गत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य सहित पूरे भारत में ऐसे एनजीओ को जारी कुल निधियों तथा लाभान्वित लोगों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

**<u>अनुबंध</u>**

**लोक सभा में दिनांक 06.02.2024 को उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 608 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत जारी निधियां तथा लाभान्वित लोगों की संख्या का ब्यौरा।

| | | 2018-19 | | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **स्कीम का नाम** | **जारी निधियां (रूपए करोड़ में)** | **लाभान्वित लोगों की संख्या** | **जारी निधियां (रूपए करोड़ में)** | **लाभान्वित लोगों की संख्या** | **जारी निधियां (रूपए करोड़ में)** | **लाभान्वित लोगों की संख्या** | **जारी निधियां (रूपए करोड़ में)** | **लाभान्वित लोगों की संख्या** | **जारी निधियां (रूपए करोड़ में)** | **लाभान्वित लोगों की संख्या** |
| 1. | ड्रग्स की मांग में कमी की राष्ट्रीय कार्य योजना | 79.99 | 77479 | 108.93 | 93364 | 145.63 | 208415 | 90.93 | 286402 | 97.51 | 339588 |
| 2. | एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम (आईपीएसआरसी) | 65.07 | 34920 | 106.20 | 109085 | 122.58 | 136440 | 93.19 | 139385 | 72.31 | 87745 |
| 3. | लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) | 18.57 | 10370 | 46.97 | 24380 | 44.31 | 20175 | 28.48 | 19350 | 23.16 | 14074 |

*****